उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ
क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, देहरादून– 248001

E-Mail- ukheictcell@gmail.com

पत्रांकः 64 /41(शोध प्रोत्साहन योजना)/2023–24, देहरादून। दिनांकः 13 अक्टूबर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त राजकीय (स्नातक/स्नातकोत्तर) महाविद्यालय
उत्तराखण्ड।

कुलसचिव
समस्त राज्य वि0वि0
उत्तराखण्ड।

विषयः विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में कार्यरत समस्त नियमित प्राध्यापकों द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में शोध प्रस्ताव तैयार कर आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी के पत्रांक डिग्री प्लान/3369/2023–24 दिनांक 06 सितम्बर, 2023 तथा पत्रांक डिग्री प्लान/4035/2023–24 दिनांक 06 अक्टूबर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमे महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित प्राध्यापकों/संस्थागत शोध अध्येताओं को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में शोध प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। तद्क्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। उक्त पोर्टल में ऑनलाइन शोध प्रस्ताव आवेदन की तिथि दिनांक 01.11.2023 से 15.12.2023 तक निर्धारित की गयी है।

अतः निवेदन है कि समस्त नियमित प्राध्यापकों एवं संस्थागत शोधार्थी छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना से अवगत कराते हुए, प्रत्येक नियमित प्राध्यापक को शोध प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

13.10.2023

(प्रो0 ए0एस0 उनियाल)
संयुक्त निदेशक
क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा
देहरादून

पृ0सं0: — /41(शोध प्रोत्साहन योजना)/2023–24, देहरादून, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव– सचिव उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)।
3. डॉ0 प्रमोद कुमार, नोडल अधिकारी, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन परियोजना, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून।

(प्रो0 ए0एस0 उनियाल)
संयुक्त निदेशक
क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा
देहरादून